# निर्णय वइजलास श्री रामसिंह गुर्जर आर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी छबडा जिला बारां द्वारा अध्यासित

प्रकरण संख्या 15/2025
दायरा दिनांकः–25.02.2025
निर्णय दिनांकः– 26.3.25

## उनवान

1. अजीज फातमा आयु 60 वर्ष पत्नि इमदादूल्ला जाति मुसलमान निवासी हाथीखाना छबडा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)

बनाम

1. खालिदा खानम आयु 58 वर्ष पत्नि इमदादुल्ला जाति मुसलमान निवासी हाथीखाना छबडा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
2. तुलसीराम आयु 60 वर्ष पुत्र श्रवणलाल जाति माली निवासी छबडा तहसील छबडा
3. सत्यनारायण आयु 55 वर्ष पुत्र नरसिंहलाल जाति महाजन निवासी छबडा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
4. सरकार जर्ये तहसीलदार तहसील छबडा जिला बारां (राज0)

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0 आर एक्ट

निर्णय दिनांकः– 26.3.25

अभिभाषक उपस्थितः–1. श्री हेमराज कुशवाह– प्रार्थी

अभिभाषक वादी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा,136 एल0आर0एक्ट0 विरूद्ध प्रतिवादीगण के न्यायालय मे इस आशय का पेश किया गया कि प्रार्थीया व अप्रार्थी क्रम 1, 2, 3 के संयुक्त खातेदारी एव कब्जे काश्त की कृषि आराजी खाता संख्या 100 की खसरा नम्बर 1338 रकबा 0.4300 हैक्टयर है खसरा नम्बर 1338/2 रकबा 0.9864 हैक्टयर, कुल खसरा 2 कुल रकबा 1.4164 हैक्टयर है जो माल छबड़ा मे कुम्भराज रोड के सहारे स्थित है। परन्तु रकबा गलत अंकित है। तहसील छबड़ा का राजस्व रिकार्ड ऑनलाईन करते समय सहवन से प्रार्थीया व अप्रार्थी क्रम 1. 2. 3 के खातेदारी के नक्शा ट्रेस खसरा नम्बर 1338 का जो रकबा है 0.9864 हैक्टयर क्षेत्रफल के अनुसार लठे ट्रेस मे दर्ज होना चाहिये था इसी तरह खसरा नम्बर 1338/2 का माप नक्शा लठे में 0.4300 हैक्टयर के अनुसार दर्ज होना चाहिए था किन्तु उक्त नक्शा लठे में रकबे के अनुसार माप अंकित नहीं है। उक्त खसरो का अशुद्ध माप अंकित है जिसके कारण प्रार्थीया राज्य सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओ का लाभ से वंचित रह रही है। प्रार्थीया ने कई

उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

बार राजस्व अधिकारियो व कर्मचारियो व हल्का पटवारी व तहसीलदार साहब से उक्त प्रार्थना की मद नम्बर 1 मे वर्णित आराजीयात के सम्बन्ध मे शुद्ध करने के लिए आवेदन दिये है। परन्तु शुद्ध माप करने में आना कानी करने पर उक्त वाद श्रीमान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत है। राजस्व रिकार्ड मे खाता संख्या 100 की खसरा नम्बर 1338/2 रकबा 0.9864 हैक्टयर, खसरा नम्बर 1338 रकबा 0.4300 हैक्टयर स्थित है तथा प्रार्थीया अपनी भूमि की नकल जमाबंदी के नक्शा लठे ट्रेस में माप को दुरूस्त कर शुद्धीकरण किया जाकर खसरा नम्बर 1338 रकबा 0.9864 है० एंव खसरा नम्बर 1338/2 मे रकबा 0.4300 हैक्टयर अंकित किया जाना अतिआवश्यक है।

प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण को जर्ये सम्मन तलब किया गया। अप्रार्थी क्रम 1 ता 3 की ओर से इकबाली जवाब पेश हुआ। प्रार्थीया द्वारा अपने पक्ष के समर्थन में नकल जमाबन्दी ग्राम कस्बा छबडा सम्वत् 2074–77 खाता संख्या 100 नकल जमाबन्दी ग्राम कस्बा छबडा सम्वत् 2074–77 खाता संख्या 587 नकल नक्शा ट्रेस नकल नक्शा ट्रेस नकल प्रार्थना पत्र तहसीलदार को पेश किया फोटो प्रति आधार कार्ड अजीज फातमा पेश किया गया।

बहस अभिभाषक प्रार्थीया सूनी गई बहस के दौरान वकील प्रार्थीया द्वारा प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दौहराया गया। वकील प्रार्थीया का कथन है कि विवादित आराजी वाके ग्राम कस्बा छबडा में स्थित है। जो प्रार्थीया व अप्रार्थी क्रम 1.2.3 के संयुक्त खातेदारी एवं कब्जे काश्त की है। खसरा नम्बर 1338 रकबा 0.4300 है0 खसरा नम्बर 1338/2 रकबा 0.9864 है0 जो माल छबडा में कुम्भराज रोड के सहारें स्थित है परन्तु रकबा गलत अंकित है राजस्व रिकार्ड ऑनलाईन करतें समय सहवन से प्रार्थी व अप्रार्थीगण के नक्शा ट्रेस में खसरा नम्बर 1338 को रकबा 0.9864 है एवं खसरा नम्बर 1338/2 रकबा 0.4300 है0 नक्शा लट्ठा में दर्ज होना चाहियें था। जमाबन्दी खाता संख्या 100 के खसरा नम्बर 1338/2 रकबा 0.9864 है0 खसरा नम्बर 1338 रकबा 0.4300 है0 दर्ज है प्रार्थीया अपनी भूमि की नकल जमाबन्दी के नक्शा लट्ठा में माप को दुरूस्त कर शुद्धीकरण किया जाकर खसरा नम्बर 1338 रकबा 0.9864 है0 खसरा नम्बर 1338/2 रकबा 0.4300 है0 अंकित किया जाना है इस सम्बन्ध में तहसीलदार छबडा से रिपोर्ट ली गई। तहसीलदार छबडा ने रिपोर्ट में बताया कि कस्बा छबडा में भूमि खसरा नम्बर 1338 रकबा 0.4300 है0 व खसरा नम्बर 1338/2 रकबा 0.9864 है0 कुल किता 2 रकबा 1.4164 है0 स्थित है उक्त दोनो ही खसरा नम्बर DILRMP योजना अन्तर्गत की गई तरमीम से पूर्व एक ही थे लेकिन खसरा नम्बर 1338 में से छबडा कुम्भराज रोड निकलने से खसरा दो भागो में बट गया था अतः खसरा नम्बर 1338 के दो टुकडे तो हो गये लेकिन सहवन से खसरा नम्बर 1338 के मुताबिक रकबा अनुसार नही दर्ज हुए बल्कि एक दुसरे के विपरीत दर्ज हो गये है। खसरा नम्बर 1338/2 रकबा 0.9864 है0 खसरा नम्बर 1338 रकबा 0.4300 है0 के स्थान पर खसरा नम्बर 1338/2 रकबा 0.4300 है0 एवं खसरा नम्बर 1338 रकबा 0.9864 है0 दुरूस्त किया जाना उचित है इससे यह साबित होता है कि मुताबिक नक्शा खसरा नम्बरान

उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

का रकबा दुरूस्त किया जाना न्यायोचित है प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित है।

## :: क्रियात्मक आदेश ::

उपरोक्त विवेचनानुसार प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है कि विवादित आराजी वाके ग्राम कस्बा छबडा तहसील छबडा के खसरा नम्बर 1338/2 रकबा 0.9864 है0 खसरा नम्बर 1338 रकबा 0.4300 है0 के स्थान पर खसरा नम्बर 1338/2 रकबा 0.4300 है0 खसरा नम्बर 1338 रकबा 0.9864 है0 दर्ज कर दुरूस्त करने के आदेश तहसीदार छबडा को दिये जातें है।

निर्णय लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

(रामसिंह गुर्जर)
आर.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी, छबडा

उपखण्ड अधिकारी
छबडा (बारां)